# खाद की किल्लत पर किसानों का हंगामा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 अगस्त.** राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा किसानों को समुचित खाद्य आपूर्ति के दावों के बावजूद स्थानीय किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्वालियर के पुतलीघर रोड स्थित सहकारी खाद्य वितरण केंद्र पर जुटे सैंकड़ों किसान प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे हैं। मौके पर पहुंचे नवभारत संवाददाता ने किसानों से बात की तो उनका कहना था कि खाद्य वितरण केंद्र के प्रभारी यहाँ से गायब हैं और कर्मचारी अपनी मनमानी करते हुए अपने लोगों को खाद बाँट रहे हैं।

खाद के लिए हंगामा कर रहे किसानों ने खाद वितरण एजेंसी पर कालाबाजारी करने का आरोप लगाया है।

**खाद केंद्र पर सैंकड़ों किसानों ने हंगामा किया तो प्रभारी हुए गायब**

वहीं दूसरी ओर खाद वितरण केंद्र में खाद बांट रहे कर्मचारी मनीष का कहना है कि यहाँ हम सभी को खाद बाँट रहे हैं। 2 दिन पहले की पर्चियों के जरिए खाद दी जा रही है। कुछ ट्रॉलियों में खाद की 100 200 थोक में बोरियां ले जाने के आरोप पर कर्मचारियों का कहना था कि यह खाद सोसाइटियों को जा रही है लेकिन किसानों का आरोप है यदि समिति को खाद दी जा रही होती तो हम यहाँ क्यों आते। बहरहाल राज्य सरकार और प्रशासन के दावों के बीच खाद वितरण केन्द्रों पर सुबह से लगी भीड़ खाद की किल्लत की कहानी कह रही है।

## घर से नाराज होकर चली गई थी नाबालिग बालिका, मिली

**ग्वालियर।** घर से नाराज होकर चली गई नाबालिग बालिका को पुलिस ने नारायण विहार कॉलोनी के पास से सकुशल बरामद कर लिया हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बालिका नारायण विहार कालोनी गेट पर खड़ी हुई है, पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो एक बालिका कालोनी के गेट के पास खड़ी दिखी। पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका से पूछताछ करने पर उसने बताया कि घर पर मम्मी के द्वारा डांटने से नाराज होकर वह घर से चली गई थी। पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के परिजनों को बुलाकर बच्ची को सुपुर्द किया गया।

# जेएएच में पत्थर वाली बिल्डिंग से गिरा युवक, मौत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 7 अगस्त.** जयारोग्य अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग (पत्थर वाली) की छत से एक युवक की गिरने से मौत हो गई। युवक छत पर क्यों चढ़ा और कैसे गिरा इसकी जांच में कंपू थाने की पुलिस जुट गई है। युवक का शव पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया है, जहां उसके परिजन पहुंच गए जो जानकारी मिली है उसके अनुसार बुधवार की रात चार लोग जेएएच की पुरानी बिल्डिंग के ऊपर छत पर चढ़े हुए थे।

चार लोगों के छत पर चढ़े होने की भनक सिक्योरिटी गार्ड को लगी तो उसने और सिक्योरिटी गार्ड्स को वहां बुला लिया और पत्थर वाली बिल्डिंग के नजदीक पहुंचकर चारों को ललकारा। सिक्योरिटी गार्ड्स की आवाज सुनकर छत पर चढ़े युवक घबरा गए और भागने लगे। लगे। भागते समय एक छत से नीचे गिर गया। नीचे गिरने के बाद उसकी मौत हो गई। तुरंत इसकी जानकारी सिक्योरिटी गार्ड्स ने जेएएच प्रबंधन को दी। छत से गिरने के कारण एक की मौत होने की जानकारी प्रबंधन को लगी तो हाथ-पैर फूल गए और उन्होंने घटना से पुलिस को अवगत कराया। कंपू थाने के सब इंस्पेक्टर रुद्र पाठक ने बताया कि मरने वाले की पहचान हो गई है और उसका नाम विशाल जाटव 55 वर्ष पुत्र लेखराज जाटव निवासी बीजासेन माता का मंदिर चन्द्रबदनी नाका के पास झांसी रोड है। एसआई रुद्र पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है और उसके परिजनों को सूचना दी थी तो वह लोग भी पहुंच गए हैं। विशाल जाटव किस इरादे से जेएएच की पुरानी इमारत की छत पर चढ़ा था यह जांच के बाद पता चलेगा। जेएएच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि चार लोग थे जो चोरी करने के इरादे से बिल्डिंग में गए थे। इसी बीच सिक्योरिटी गार्डस ने पकड़ने की कोशिश की, जिससे एक नीचे गिर पड़ा, बाक तीन भागने में कामयाब हो गए।




## समाधिया कॉलोनी टंकी की कराई सफाई

**ग्वालियर 7 अगस्त.** कार्यपालन यंत्री संजीव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर को साफ व शुद्ध जल प्रदाय हो, इसके लिए प्रतिवर्ष टंकियां की सफाई की जाती है। इसी क्रम में आज समाधिया कॉलोनी टंकी की सफाई कराई गई। इसके साथ ही आगामी दिनों में और टंकियों की सफाई कराई जाएगी। जिससे शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

# मुहब्बत की दुकान में दिग्विजय आयेंगे, 10 को बाल भवन में होगा कार्यक्रम

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर 7 अगस्त.** राजनैतिक दृष्टि से ऊपर उठकर अब सामाजिक क्षेत्र में भी कार्य करने की जरूरत है, इसीलिये हमने अंचल में सामाजिक कार्य करने का भी बीडा उठाया है। यह बीडा मुहब्बत की दुकान के नाम से होगा। मुहब्बत की दुकान का पहला सार्वजनिक कार्यक्रम 10 अगस्त को बाल भवन में होगा और इसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी शामिल होंगे। उक्त जानकारी आज पूर्व मंत्री बालेन्दु शुक्ल ने पत्रकारों को दी।

बालेन्दु ने बताया कि 10 अगस्त को बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में अंचल और जिले के प्रमुख लोग शिरकत करेंगे। शुक्ला ने बताया कि मुहब्बत की दुकान पूरी तरह से गैर राजनैतिक एजेंडे के तहत काम करेगी। इसके सदस्य आम जनता के हित में सदैव तत्पर होकर काम करेंगे। शुक्ला ने बताया कि मुहब्बत की दुकान एक गैर राजनैतिक संगठन के रूप में काम करेगा और इसके सदस्य प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर उनके सुख दुख की बात करेंगे, उनके जनहित से जुडे मुद्दे, उनकी समस्याओं के निराकरण में हम सहयोग करेंगे।

शुक्ला ने कहा कि हम घर-घर जायेंगे, लेकिन वोट की बात नहीं करेंगे केवल समस्याओं के निराकरण में सहयोग करेंगे।शुक्ला ने बताया कि सामाजिक सरोकारों से जुडे मुददे उठाना भी महत्वपूर्ण काम है। हम लोगों से आग्रह करेंगे कि आप अधिकारी के साथ अपने कर्तव्य व जिम्मेदारी भी जानें, और इस पर काम करें।

शुक्ला ने बताया कि मुहब्बत की दुकान का कार्यक्रम 10 अगस्त को प्रात: 11 30 बजे बाल भवन में आयोजित होगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने स्वयं आने की इच्छा जताई है। उनके साथ महापौर डा शोभा सतीश सिकरवार सहित कई विधायक व प्रमुख सामाजिक लोग भी उपस्थित रहेंगे।

# कार्यालय नगर परिषद बानमौर जिला मुरैना (म .प्र .)

क्रमांक/2025/1300 बानमौर दिनांक 07/08/2015

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_442545_1 | वार्ड क्र. 06 में सुरुचि गेट से लेकर बाबा बलरामदास तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 03 माह एवं 14,14,521/- | 2000/- एवं 10,700/- | 08.09.2025 सायं 05:30 बजे तक |
| 2. | 2025_UAD_442546_1 | वार्ड क्र. 05 में पुलिया से जैतपुर गांव तक नाला निर्माण कार्य | 04 माह एवं 17,93,430/- | 2000/- एवं 13,450/- | 08.09.2025 सायं 05:30 बजे तक |
| 3. | 2025_UAD_442547_1 | कायाकल्प अभियान अन्तर्गत वार्ड क्र. 10, 11 में फूलबाग रोड से हैण्डपम्प एवं सूबेदार के घर से भारत सिनेमा तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 05 माह एवं 26,35,513/- | 2000/- एवं 19,800/- | 08.09.2025 सायं 05:30 बजे तक |

नोट: निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://www.mptenders.gov.in पर ही किया किया जावेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा.

**(गीत लक्ष्मण जाटव)**
अध्यक्ष
नगर परिषद बानमौर,जिला-मुरैना

**(प्रशांत सिंह)**
उपयंत्री
नगर परिषद बानमौर,जिला-मुरैना

**(दिनेश श्रीवास्तव)**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बानमौर, जिला-मुरैना

# कब्रिस्तान में दफनाने से रोकने पर परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम

**ग्वालियर 7 अगस्त.** आंतरी क्षेत्र में मुस्लिम समाज के एक व्यक्ति की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद खड़ा हो गया। मृतक के परिजन बुधवार को शव को बस्ती के पास स्थित कब्रिस्तान में दफनाने पहुंचे तो वहां के कुछ लोगों ने इसका विरोध कर दिया। उनका कहना था कि शव को किसी अन्य कब्रिस्तान में ले जाया जाए, क्योंकि वर्तमान कब्रिस्तान में पानी भरा हुआ है।मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए और शव को लेकर ग्वालियर-झांसी हाईवे के जौरासी क्षेत्र में धरने पर बैठ गए। इसके चलते हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही बिलौआ थाना प्रभारी इला टंडन समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। कई घंटे की बातचीत के बाद सहमति बनी कि संबंधित विभाग कब्रिस्तान की सफाई कराएगा और फिर शव को वहीं दफनाया जाएगा।







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95